दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 326 | देहरादून, सोमवार 26 मई, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति




पेज-07

## न्यूज डायरी

### गौला नदी में आया पानी का तेज प्रवाह, इंद्रानगर समेत कई गेटों में गाड़ियां फंसी

**लालकुआं।** पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही जबरदस्त बरसात के चलते गौला नदी में अचानक पानी का तेज प्रवाह आ गया, जिसके चलते कई खनन से भरी गाड़ियां नदी में फस गई है, तथा खनन व्यवसाईयों में अचानक नदी में पानी आने से हड़कंप मच गया है। आनन–फानन में वाहन स्वामियों ने अपने वाहन गौला नदी के किनारे में पहुंचाये, तथा भारी संख्या में वाहन नदी के दूसरे छोर में खड़े होकर पानी कम होने का इंतजार करते रहे, जबकि कई पानी के तेज प्रवाह में फंस गए। जिन्हें देर शाम टोचन करके बाहर निकल गया। तराई पूर्वी वन प्रभाग गौला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि आज सुबह काठगोदाम बैराज से 1600 क्यूसेक पानी छोड़ा था, उक्त पानी जैसे ही गौला नदी में तेज प्रवाह के साथ पहुंचा तो इंदिरा नगर गौला गेट में कई गाड़ियां फंस गई, जिन्हें देर शाम सकुशल बाहर निकाल लिया गया है।

### चारधाम यात्रा में दिल का दौरा पड़ने से श्रद्धालु की मौत

**ऋषिकेश।** चारधाम यात्रा के लिए कोटा राजस्थान से ऋषिकेश पंहुचे एक श्रद्धालु की अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक श्रद्धालु के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ऋषिकेश उपजिलाधिकारी योगेश मेहरा ने बताया कि राजस्थान निवासी लातूर लाल पुत्र भंवर लाल निवासी ग्राम किशनपुर नया गांव कोटा राजस्थान अपने परिजनों के चारधाम यात्रा पर आया था। शनिवार सुबह वह रजिस्ट्रेशन के लिए ट्रांजिट कैंप ऋषिकेश पहुंचे थे। सुबह लगभग 5.30 बजे कुर्सी में बैठे हुए थे। तभी अचानक वे कुर्सी से नीचे गिर गए। मौके पर मौजूद प्रशासन की टीम ने तत्काल उनको उपचार के लिए राजकीय अस्पताल ऋषिकेश भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने लातूर लाल को मृत घोषित कर दिया।

# उत्तराखंड में यूसीसी में चार माह में डेढ़ लाख से अधिक आवेदन मिलेः मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में लागू समान नागरिक संहिता पर प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि यूसीसी लागू करने के लिए मजबूत सिस्टम का निर्माण किया गया है।

प्रक्रिया को जनसामान्य के लिए अधिक सुलभ और सहज बनाने के लिए एक पोर्टल और समर्पित मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है। साथ ही ग्राम स्तर पर 14,000 से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स को इससे जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के समय आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए ऑटो एस्केलेशन और ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम भी लागू किया गया है। व्यापक डिजिटल और भौतिक नेटवर्किंग के परिणामस्वरूप केवल चार माह की अवधि में समान नागरिक संहिता के अंतर्गत राज्यभर से लगभग डेढ़ लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इतना ही नहीं, राज्य के लगभग 98 प्रतिशत गाँवों से आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं, जो ये दर्शाता है कि यूसीसी को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने यूसीसी के सफलतापूर्वक लागू करने में मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में 2022 के विधानसभा चुनाव में अपने दृष्टि पत्र के माध्यम से राज्य की जनता को ये वचन दिया था कि यदि जनादेश मिला, तो उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। चुनावों में विजय के पश्चात पहले दिन से ही उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के लिए अपना कार्य प्रारंभ कर दिया। यूसीसी के बिल का मसौदा तैयार करने के लिए 27 मई 2022 को जस्टिस रंजना देसाई जी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। समिति द्वारा उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में व्यापक जन–परामर्श किया गया। जिसके माध्यम से समिति को लगभग 2 लाख 32 हजार सुझाव प्राप्त हुए। समिति ने न केवल आम नागरिकों से परामर्श किया, बल्कि सभी राजनीतिक दलों और विभिन्न वैधानिक आयोगों के प्रमुखों से भी बातचीत की।



मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में यूसीसी पर प्रस्तुतिकरण देते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड में लागू यूसीसी पर प्रस्तुतिकरण दिया

राज्य सरकार ने 7 फरवरी, 2024 को समान नागरिक संहिता विधेयक को राज्य विधानसभा में पारित कर मा. राष्ट्रपति महोदया को भेजा। मा. राष्ट्रपति महोदया ने 11 मार्च, 2024 को इस ऐतिहासिक विधेयक को अपनी स्वीकृति प्रदान की। आवश्यक नियमावली एवं प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए, 27 जनवरी, 2025 को पूरे उत्तराखंड राज्य में समान नागरिक संहिता को विधिवत रूप से लागू कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना जिसने संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना को मूर्त रूप देते हुए समान नागरिक संहिता को व्यवहारिक धरातल पर लागू किया। मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता जाति, धर्म, लिंग आदि में अन्तर के आधार पर कानूनी मामलों में होने वाले भेदभाव को खत्म करने का एक संवैधानिक उपाय है। इसके द्वारा सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का प्रयास किया गया है। इसके लागू होने से प्रदेश में सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सकेगा। इसके द्वारा अब हलाला, इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह, तीन तलाक आदि कुप्रथाओं पर पूर्णतः रोक लगाई जा सकेगी। संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत वर्णित हमारी अनुसूचित जनजातियों को इस संहिता से बाहर रखा है, जिससे कि उन जनजातियों का और उनके रीति रिवाजों का संरक्षण किया जा सके। समान नागरिक संहिता किसी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं बल्कि ये समाज की कुप्रथाओं को मिटाकर सभी नागरिकों में समानता से समरसता स्थापित करने का एक कानूनी प्रयास है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

# श्री हेमकुंड साहिब जी के कपाट खुले, शुरू हुई वार्षिक तीर्थयात्रा, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक : हेमकुंड साहिब यात्रा शुरू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र और पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब जी के कपाट आज विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसी के साथ श्री हेमकुंड साहिब की वार्षिक यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत, शनिवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारे से श्पंच प्यारोंश की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था भारी पुलिस सुरक्षा, बैंड–बाजों की धुन और पवित्र निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। इस जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारे में किया।



आज प्रातः यह जत्था जयकारों के साथ हेमकुंड साहिब के लिए आगे बढ़ा और प्रातः शुभ मुहूर्त में श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सिख आस्था के इस प्रमुख स्थल के साथ ही हिंदुओं की आस्था के प्रतीक लोकपाल मंदिर (लक्ष्मण मंदिर) के कपाट भी विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जनपद चमोली पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर विशेष रूप से एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं। चमोली पुलिस ने हेमकुंड साहिब और चारधाम यात्रा पर पधारे सभी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनकी सफल, सुखद और सुरक्षित यात्रा के प्रति अपनी तत्परता एवं प्रतिबद्धता दोहराई है। इस अवसर पर हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा जी ने यात्रा व्यवस्थाओं में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की सराहना की ।


# संपादकीय

## दिल्ली में हल्की बारिश

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह हल्की बारिश हुई और आज के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया गया है जिसमें गरज के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बारिश की वजह से न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह हल्की बारिश हुई और आज के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया गया है जिसमें गरज के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बारिश की वजह से न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है। आईएमडी का पूर्वानुमान है कि अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास हो सकता है जो इस मौसम के हिसाब से अब भी कम है। उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से रविवार को जबर्दस्त तपिश की चपेट में रहे, वहीं पश्चिमी भागों में अनेक स्थानों पर तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई जिससे कई जिलों में पेड़ उखड़ गए और बिजली आपूर्ति बाधित हुई। आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के पूर्वी हिस्सों के अनेक जिलों में आज भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहा और इन जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। इसके मुताबिक, इस दौरान बांदा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा उरई में अधिकतम पारा 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं, कानपुर में 39.2 डिग्री, झांसी में 38.9, प्रयागराज में 38.6 और फतेहगढ़ में 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य के पश्चिमी इलाकों में कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मुजफ्फरनगर जिले में सबसे ज्यादा 14 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा प्रयागराज में 8.4 मिमी, बरेली में 4.9 मिमी, शाहजहांपुर में 1.8 मिमी और सुल्तानपुर में 0.9 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गयी। अधिकारियों के मुताबिक, तेज आंधी–बारिश की वजह से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गये और बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

# ऑपरेशन सिंदूर की क़ीमत तुम क्या जानो विपक्षी बाबू!

ये विपक्ष वाले जब राष्ट्रभक्ति ही नहीं समझते हैं, तो ऑपरेशन सिंदूर की कीमत क्या जानेंगे? वर्ना ऑपरेशन सिंदूर में अपने अर्णव गोस्वामियों, गौरव सामंतों, नाविका कुमारों, अंजना ओम कश्यपों, अशोक श्रीवास्तवों आदि, आदि के वीरतापूर्ण कारनामों के गुण गा रहे होते या नहीं!



पर खुद गुण गाना तो छोड़िए, बेचारे मंत्री अश्विनी वैष्णव जी ने देश के मीडिया महारथियों का युद्ध के टैम पर देश के काम आने के लिए जरा सा धन्यवाद क्या कर दिया, ये तो बेचारे वैष्णव जी के ही पीछे पड़ गए। शोर मचा रहे हैं कि तो क्या दुनिया यह समझे कि इन सब ने जो–जो किया, जो–जो फेक न्यूज चलाए, जो–जो युद्ध के फर्जी दृश्य दिखाए, सब वैष्णव की सरकार के इशारे पर था। इनके गोदी मीडिया होने की ख्याति तो खैर दुनिया भर में और दसों दिशाओं में पहले ही फैल ही चुकी थी। लोगों ने कहना और मानना शुरू कर दिया है कि गोदी मीडिया की खबर है, तो जरूर खबर से अगले दर्जे की चीज होगी य कोई मजाक, कोई एंटरटेनमेंट की चीज।

पर यह अब पता चला रहा है और खुद मंत्री जी के श्रीमुख से पता चल रहा है कि यह गोदी सवार होना ही फेक न्यूज का असली स्रोत है, आदि, आदि। पर यह इल्जाम ही झूठ है, फेक न्यूज है। इस इल्जाम का आधार क्या है? यही ना कि गोदी मीडिया योद्धाओं ने जो खबरें चलायीं, सच नहीं थीं। किसी ने खबर चलायी कि भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह को पूरी तरह से तबाह कर दिया, यह सच नहीं था। भारतीय नौसेना ने ऐसा कुछ नहीं किया था। किसी ने खबर चलायी कि भारतीय थल सेना पाकिस्तान की सीमाओं में घुसकर आगे बढ़ती जा रही थी, यह भी सच नहीं था। भारतीय थल सेना ने ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की थी। किसी ने शोर मचाया कि हमने रावलपिंडी पर कब्जा कर लिया है, तो किसी और ने दावा किया कि भारत ने पाकिस्तान के पांच शहरों पर कब्जा कर लिया है। कंपटीशन तेज हुआ तो किसी और ने पच्चीस शहरों पर कब्जा करा दिया, तो किसी और ने आधे पाकिस्तान पर। और जो कंपटीशन में सबसे तेज निकला, उसने पूरे पाकिस्तान पर।

किसी और ने फौज में तख्तापलट करा दिया और आसिम मुनीर को जेल में डलवा दिया, तो किसी और ने उदारता दिखाते हुए उसे भागने का मौका दे दिया और किसी और ने उसके छुपने का ठिकाना भी बता दिया। लेकिन, इस सब के सच नहीं होने से क्या होता है? खबर–खबर होती है। खबर में सच–झूठ कुछ नहीं होता। वास्तव में कुछ सच–झूठ ही कहां होता है। सिंपल है –– अगर कुछ होता है, तो अपने देश का हित होता है, अपने देश का पक्ष होता है, अपने देश का नफा, अपने देश का नुकसान होता है। जो देश के साथ वो सच, जो दूसरे देश के साथ वो झूठ। इसमें मुश्किल क्या है?

इसे कलियुग ही कहा जाएगा कि भगवा पार्टी को बाकायदा वीडियो बनाकर, देश को और जाहिर है कि बाकी दुनिया को भी, यह ज्ञान देना पड़ा है कि सच–झूठ कुछ नहीं होता है और कहीं युद्ध का टैम हो, तब तो सच ही झूठ और झूठ ही सच होता है। यही हमारी प्राचीन परंपरा है, संस्कृति है, धर्म है, इतिहास है। बाकी छोड़िए, यही महाभारत का ज्ञान है। सिर्फ गीता नहीं, पूरे महाभारत का ज्ञान। महाराज युधिष्ठिर याद हैं।

उनसे बड़ा सत्यवादी कौन होगा? लेकिन, महाभारत के युद्ध में क्या हुआ? युधिष्ठिर को भी मानना पड़ा कि सत्य और असत्य कुछ नहीं होता है। होता है, अपना पक्ष और विरोधी का पक्ष। गुरु द्रोणाचार्य को मरवाना था, तो युधिष्ठिर ने भी सत्य की परिभाषा लचीली कर दी। पुत्र अश्वत्थामा के मारे जाने का अर्ध सत्य द्रोणाचार्य के सामने युधिष्ठिर ने इस तरह बोला कि, पुत्र के शोक में पिता ने प्राण ही त्याग दिए। पिता के शोक में अश्वत्थामा ने असमय ही अपना अमोघ अस्त्र चला दिया और खुद भी मारा गया। पांडवों के युद्ध जीतने के लिए, युधिष्ठिर का झूठ जरूरी था यानी वही पांडवों का सत्य था।

# कोरोना वायरस के प्रकोप की भारत सहित विश्व में फिर से आहट- विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों में ऐतिहासिक समझौता



## डब्ल्यूएचओ के विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र 19-27 मई 2025 में भविष्य की महामारियों पर तैयार रहने का ऐतिहासिक समझौता

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश अभी तक कोरोना वायरस (कोविड–19) की महामारी को भूल नहीं पाए है, या यूं कहें कि संभल नहीं पाए हैं,इस बीच कोरोना महामारी के अनेक वेरिएंट आ चुके हैं,लेकिन अभी मई माह में जो फिर से कोरोना वायरस की आहट हुई है यह कोविड –19 तुल्य है,ऐसी जानकारी मीडिया में आ रही है हालांकि इसका अधिक प्रकोप अभी खासकर हांगकांग सिंगापुर थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है क्योंकि संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

भारत में भी 19 मई 2025 तक 257 केस आ चुके हैं, जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरहसे अलर्ट मोड में आ गए हैं,हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस आहट को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं,सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई–लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है,देश की स्वास्थ्य व्यवस्थाकिसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है, परंतु इस बीच दिनांक 20–21मई 2025 की मध्यरात्रि में जिनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व स्वास्थ्य सभा 19, से 27 मई 2025 के 78 वें सत्र में सभा के सभी सदस्यों की आपसी 3 वर्षों की बातचीत के उपरांत भविष्य की महामारी में मिलकर तैयारी करने का समझौता हो गया है, जो रेखांकित करने वाली बात है मेरा मानना है कि अब पूरी दुनियाँ की कोई भी महामारी आ जाए तो अगर पूरा विश्व एक साथ एक दूसरे का सहयोग कर उसका मुकाबला करेगा तो वह कोविड–19 जैसी किसी भी महामारी का गंभीरता से मुकाबला करेगा तो उस महामारी को मैदान छोड़कर भागना ही पड़ेगा यह होता है एक और एक 11 की ताकत का सटीक कमाल! चूँकि कोरोना महामारी कोविड –19 के प्रभाव की आहट फिर भारत सहित कुछ देशों में हो चुकी है, व तीव्रता से संक्रमण शुरू हो गया है तथा विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में भविष्य की महामारियों से एक जुट से लड़ने का ऐतिहासिक समझौता अब हो चुका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर मास्क सैनिटाइजर की फिर आदत फिर डालना,भीड़भाड़ वाली जगह व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए जरूरी है।

साथियों बात अगर हम सिंगापुर हांगकांग थाईलैंड में कोरोना वायरस (कोविड–19) के अति तीव्रता से संक्रमण की करें तो, कोरोना वायरस एक बार फिर डराने लगा है, ऐसा लग रहा है कि कुछ समय की राहत के बाद वायरस फिर से पैर पसारने लगा है, एशिया के कई देशों मेंकोविड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, खासकर हांगकांग, सिंगापुर और थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है. इन देशों में संक्रमितों की संख्या में तेज इजाफा हुआ है और अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या भी बढ़ रही है. भारत में भी नए मामलों को लेकर चिंता गहराने लगी है. विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अभी से सतर्कता नहीं बरती गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है सिंगापुर में कोविड–19 के मामलों 28 परसेंट की वृद्धि दर्ज की गई है, हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सरकार ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है यहां कोविड –19 के कुल अनुमानित केस 14,200 तक पहुंच गए हैं,इससे ज्यादा गंभीर बात यह है कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी लगभग 30 परसेंट का इजाफा हुआ ।5 मई से 11 मई के बीच सिंगापुर में 25,900 नए केस सामने आए, इसी अवधि में अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की औसत दैनिक संख्या 181 से बढ़कर 250 हो गई है. विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले 2 से 4 हफ्तों में यह लहर अपने चरम पर पहुंच सकती है। हांगकांग में कोविड–19 संक्रमण की नई लहर शुरू हो चुकी है, यहां स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अब तक 81 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से 30 लोगों की मौत हो चुकी।

साथियों बात अगर हम माननीय भारतीय पीएम द्वारा 20 जून 2025 को इस 78 वें सत्र को संबोधन की करें तो, इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के लिए एक विश्व के मुद्दे पर बात की। पीएम ने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के मूल में है।पीएम नें कहा कि स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए तकनीक एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक साबित हो सकता है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

26 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 11:15 AM Page 3



# मुख्यमंत्री के योगदान से गांव तक विस्तृत रूप लेता प्रोजेक्ट 'नंदा-सुनंदा'

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बंसल का प्रोजेक्ट 'नंदा सुनंदा' बेटियों की शिक्षा एवं बेटियों को सशक्त बनाने में एक भागीरथ प्रयास है जिसके द्वारा निर्बल बेटियों को शिक्षा से सशक्त बनाने में अहम योगदान निभा रहा है। प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा से अब तक लगभग रू 12 लाख की धनराशि से 38 बेटियां की पढ़ाई को पुनर्जीवित किया गया है। आज 5 बेटियां नंदा–सुनंदा बनी।



चेक वितरित करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के योगदान एवं सहायता से प्राजेक्ट ''नंदा–सुनदां'' को वृह्द्वस्तर पर पंहुचाने में सफलता मिल रही है। उनकी ही प्रेरणा से असहाय जरूरतमंद, संकटग्रस्त परिवारों की देवी स्वरूप नंदा–सुनदां बालिकाओं की शिक्षा को निर्बाध रखने में जिला प्रशासन की टीम धरातल पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राजेक्ट नंदा–सुनंदा मानव मूल्य का प्रतिबिंम्ब है, जहां संकटग्रस्त परिवारों की बच्चियों की शिक्षा को पुनर्जीवित कर सशक्त बनाने का प्रयास है। सरकार ने हमे सक्षम बनाया है कि हम संकटग्रस्त परिवारों तक पंहुचकर उन जरूरतमंद बच्चियों की शिक्षा को पुनर्जीवित करने में योगदान दे पा रहे हैं। उन्होंने बाल विकास विभाग की सीडीपीओ, आंगनबाड़ी एवं अन्य सम्बन्धित विभगों के सभी फिल्ड स्टॉप के कार्यों की सहराना कि जिनके कार्यों के कारण आज पात्र बालिकाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। बेटियों को सशक्त बनाने का नंदा सुनंदा एक ग्लोबल प्रयास है। उन्होंने बेटियों की हौसला अबजाई करते हुए कहा कि आप अपनी शिक्षा की स्पार्क को जारी रखें आपकी शिक्षा का वहन जिला प्रशासन करेगा, उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा के द्वारा असहाय बालिकाएं जिनकी शिक्षा पारिवारिक मजबूरी के कारण बाधित हो रही है उनको पुनर्जीवित कर उनके सपनों में उड़ान भरने तथा सुरक्षित भविष्य की नीव रखने का एक आधार है। उन्होंने बेटियों में लक्ष्य प्राप्त करने की ललक जगाई। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बेटियों की पढाई न छुड़वाएं, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है दुनिया का कोई भी हथियार शिक्षा से बड़ा नही है। उन्होंने बालिकाओं से कड़ी मेहनत से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने को प्रेरित किया।

जिला प्रशासन आपका सहयोग करता रहेगा। विकासखण्ड सहसपुर की बिना माता–पिता की बेटी अभिलाषा बीएससी नर्सिंग रू0 8725, विकासखण्ड कालसी की विधवा मॉ की बेटी पीहू चौहान कक्षा 08, 15950 रू०, विकासखण्ड डोईवाला की विधवा मॉ की बेटी अक्षिता रू0 14400, विधवा मॉ की बेटी विशाखा कक्षा 6 रू0 10700, तथा असहाय परिवार की बेटी अराध्या कक्षा 8 रू0 38200 जिनकी पढाई के लिए चौक दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, संयुक्त मजिस्ट्रेट हर्षिता सिंह, नोडल पीसीपीएनडीटी डॉ ममता बहुगुणा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित सम्बन्धित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

## रूड़की में ग्रामीण की गोली मारकर हत्या

**रूड़की।** खानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हस्त मौली में बीती रात करीब ढाई बजे अज्ञात हमलावरों ने एक ग्रामीण को गोली मारकर हत्या कर दी। जिससे पूरे इलाके में हडकंप मच गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने इस मामले में हत्यारे की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव हस्त मौली निवासी मलकान उर्फ मल्खराज (उम्र 45 वर्ष) पुत्र महेंद्र अपने घर पर था। बीती देर रात अज्ञात हमलावर आए और उसे बाहर बुलाकर गोली मार दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मलकान को दो गोलियां मारी गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही खानपुर थाना प्रभारी रविंद्र शाह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि रात को करीब तीन बजे सूचना मिली कि गांव हस्त मौली में एक व्यक्ति को गोली मारी गई है।

# जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पांच हजार की रिश्वत लेते हुआ गिरफ्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। शनिवार को कार्रवाई करते हुए हल्द्वानी स्थित सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) की टीम ने जनपद बागेश्वर के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सूबोध शुक्ला सेवानिवृत्त कर्नल को 50 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता ने 1064 टोल फ्री नंबर पर जानकारी दी थी कि वह एक सेवानिवृत्त सैनिक हैं और जिला सैनिक कल्याण विभाग से सेवा विस्तार संबंधी कार्य करवा रहे हैं। आरोपी अधिकारी ने उनसे काम के बदले 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इस सूचना के बाद विजिलेंस टीम ने पूरी योजना बनाकर ट्रैप ऑपरेशन को अंजाम दिया। आज बागेश्वर के सेना निवृत्त ग्राम रामपुर, तहसील कपकोट निवासी सूबोध शुक्ला को रिश्वत की रकम लेते ही दबोच लिया गया। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

यह साबित करता है कि सरकार सिर्फ बयानबाजी नहीं कर रही, बल्कि जमीन पर प्रभावशाली कार्यवाही भी कर रही है। भ्रष्टाचार पर इतने बड़े स्तर पर कार्रवाई करके सीएम धामी ने लोगों के सामने एक नजीर पेश की है और इस अभूतपूर्व कार्रवाई से लोगों के बीच एक नया विश्वास पैदा हुआ है।

# मुश्किलों से जीतना सिखाता है खेलः खेल मंत्री रेखा आर्या

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को सेंट जोसेफ एकेडमी में आयोजित सीआईएससीई नेशनल प्री योगा ओलंपियाड 2025 के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि योग व अन्य सभी खेल युवाओं को जीवन के संघर्षों से लड़ना सिखाते हैं और मुश्किलों को हराकर कैसे सफलता पानी है, इसका रास्ता दिखाते हैं।



खेल मंत्री रेखा आर्या पुरस्कार प्रदान करते हुए।

रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नेशनल गेम्स में पहली बार योगासन को मुख्य प्रतियोगिता के रूप में शामिल कराया था और उम्मीद है कि जल्द ही यह एशियाड और ओलंपिक जैसी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भी शामिल किया जाएगा। खेल मंत्री ने कहा कि एक खेल के रूप में योग पूरी दुनिया में पहचान बना रहा है और हमारे प्रदेश में इसके खिलाड़ी बड़ी संख्या में तैयार हो रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों से खेल मंत्री ने कहा कि वे अपने बच्चों को खिलाड़ी बनने में सहयोग दे क्योंकि अब खेल भी एक चमकता हुआ कैरियर है।

खेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग के प्रकाश को पूरी दुनिया में फैलाने का काम किया है। उन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है कि अब 21 जून को दुनिया के ज्यादातर देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लगातार खेल संस्कृति विकसित करने में जुटी हुई है।

# बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी का कोटद्वार एवं यमकेश्वर क्षेत्र में नागरिक अभिनंदन



बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी।

**कोटद्वा/ऋषिकेश (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी )अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने आज उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के पेतृक गांव पंचूर पहुंच कर उनकी माता जी का आशीर्वाद लिया। तथा उनकी कुशल क्षेम जानी।

योगी जी के छोटे भाई महेंद्र सिंह बिष्ट ने इस अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर गांववासी एवं योगी जी के परिजनध मौजूद रहे। इससे पहले बीकेटीसी अध्यक्ष अपने

## अपने पैतृक गांव में कुल देवता की पूजा-अर्चना में शामिल हुए

पैतृक गांव खोबरा पहुंचे जहां पारिवारिक जनों से स्नेह भेंट की। एवं कैंतुर देवता के मंदिर में कुल देवता की पूजा–अर्चना संपन्न की। इसके बाद सामूहिक भोज में शामिल हुए। वहीं, पैतृक गांव मेंध उत्साहपूर्वक पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल दमाऊं के साथ ग्रामवासियों ने बीकेटीसी अध्यक्ष का स्वागत किया, फूलमालाओं पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंट किये। इससे पहले श्री महाबगढ़ शिव मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना की।इसके पश्चात श्री बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कोटद्वार जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, प्रशांत बडोनी,देवी प्रसाद बडोनी, विकास मित्तल, विजयानंद पोखरियाल,यमकेश्वर मंडल अध्यक्ष अनिल रावत, विजय लखेड़ा,प्रधान हनुमान सिंह रावत, सुरेन्द्र सिंह आर्य,ओपी द्विवेदी कैलाश रावत, हरीश द्विवेदी महेंद्र द्विवेदी,नरेश द्विवेदी, श्रेयांस द्विवेदी, दिगंबर कुकरेती, शशि देवी जनार्दन गौड़, सरोज देवी,मनोरमा देवी, चंडीप्रसाद कुकरेती,देवेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

26 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 11:15 AM Page 4



# उत्तराखंड में कोरोना की दस्तक से देहरादून जिला प्रशासन अलर्ट
## जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को दिए सतर्क रहने के निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजधानी देहरादून में कोविड के तीन मामले सामने पर जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की बैठक लेते हुए मौजूदा स्थिति एवं उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में कोविड बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, आवश्यक दवाइयां, वैक्सीन, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, आईसीयू बेड सहित अस्पतालों में टेस्टिंग की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



जिलाधिकारी बैठक लेते हुए।

जिलाधिकारी ने कहा कि भले ही स्थिति नियंत्रण में हो, लेकिन सर्तकता बेहद जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने और ऑक्सीजन प्लांट सहित उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों का पूरा ब्यौरा तैयार करने निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें। पिछले कोविड की तरह जिले स्तर पर सैंपलिंग टीम, मोबाइल टीम, कोविड कंट्रोल रूम, कार्मिकों की ड्यूटी, एंबुलेंस एवं अन्य वाहन एवं संसाधनों की पूरी रिपोर्ट उपलब्ध करें। अस्पतालों में ट्रूनेट टेस्ट, एंटीजन रैपिड टेस्ट तथा आरटी पीसीआर की पूरी व्यवस्था के साथ ही आइसोलेशन वार्ड चिन्हित किए जाए। कोविड जांच में आरटी पीसीआर से पॉजिटिव सभी रोगियों के सैंपल डब्ल्यूजीएस जांच हेतु राजकीय दून मेडिकल कॉलेज को भेजा जाए और इस जांच में सभी सैंपल की सूचना आईडीएसपी के अंतर्गत आईएचआईपी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रविष्ट की जाए। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि कोरोना के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और खुद को आइसोलेट करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि देहरादून एम्स में हाल ही में कोरोना के तीन मामले सामने आए है। ये तीनों व्यक्ति गुजरात, मुंबई और हैदराबाद से उत्तराखंड आए थे। कोविड टेस्ट में तीनों व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव मिले है। इसमें से मुंबई का व्यक्ति वापस चला गया है, जबकि एक व्यक्ति को अस्पताल में और दूसरे व्यक्ति को होम आइसोलेट किया गया है। आइसोलेशन में रखे दोनों व्यक्तियों की तबीयत स्थिर है। हांगकांग एवं सिंगापुर की बाद भारत में भी कोविड संक्रमण तेजी से फैल रहा है। देश में एक सप्ताह के भीतर 58 मामले सामने आए चुके है। एसीएमओ ने बताया कि देहरादून में अभी तक 36 सैंपल लिए है, जिसमें बाहरी राज्य से आए तीन लोग ही पॉजिटिव मिले है। उत्तराखंड में अभी तक कोरोना का कोई स्थानीय संक्रमण का मामला नही आया है। बैठक में उप जिलाधिकारी हरि गिरि, एडीएमओ डॉ वी.सेमवाल, एसीएमओ डॉ सी.एस रावत, सीएमएस एस.एम संकला, मुख्य फामेसिस्ट आरपी सेमवाल, डॉ पीएस रावत, डॉ एमएस डोगरा सहित स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी उपस्थित थे।

## ई–रिक्शा में शव बांध कर ले जाने का महाराज ने लिया संज्ञान

**पौड़ी।** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित विकासखण्ड बीरोंखाल के सुखई में वाहन दुर्घटना में मृतक, कुंड निवासी संदीप के शव को अस्पताल प्रशासन द्वारा ई–रिक्शा में बांध कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की अमानवीय घटना का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बात कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए कहा गया है। बीते बुधवार को वाहन दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें एक महिला बिलेश्वरी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि कुंड निवासी संदीप की रामनगर में इलाज के दौरान मृत्यु के बाद उसके शव को अस्पताल प्रशासन द्वारा ईकृरिक्शा में बांध कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की घटना सामने आने पर मामले का संज्ञान लेते हुए महाराज ने दूरभाष पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत और नैनीताल के सीएमओ डा. हरीश पंत से बात कर दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही के लिए कहा।

# हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने पर पर्यटन मंत्री महाराज ने दी शुभकामनाएं

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम के बाद पंज प्यारों की अगुआई में हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट खुल गये हैं। और लगभग पांच हजार श्रद्धालु इस दिव्य पल के साक्षी बने हैं।

पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि हेमकुंड साहिब के दर्शनों को लेकर सिख श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है।

उन्होंने कहा कि हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालु कई महीने तक इंतजार करते हैं। बताया कि दो माह पूर्व गोविंदघाट का वाहन पुल क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन सरकार और प्रशासन के सहयोग से नया पुल समय से बनकर तैयार हो गया है। जिससे अब यात्रा निर्बाध गति से चलेगी।



पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज।

# मानवाधिकार संगठन ने राजेश टंडन को संस्कृत विश्वविद्यालय कार्यपरिषद में सदस्य नामित किए जाने का स्वागत किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा मसूरी रोड स्थित पुरुकुल हेरिटेज ग्रीन में राजेश टंडन (से०नि०) पूर्व न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड को राज्यपाल कुलाधिपति (उत्तराखंड) की ओर से उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् में 02 वर्षों के लिए सदस्य के रूप में नामित किये जाने पर उनको उनके आवास पर संगठन द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर सचिन जैन समेत सभी ने उनको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यह सम्मान आपका नहीं बल्कि पूरे उत्तराखंड का है और मानवाधिकार के सभी सदस्य अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर पूर्व न्यायमूर्ति राजेश टंडन ने कहा कि मैं आपका धन्यवाद आभार प्रकट करता हूं जो समय–समय पर मेरा प्रोत्साहन बढ़ाते हैं और मुझे नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। मैं आज तक जिस भी मुकाम पर पहुंचा मानवाधिकार संगठन हमेशा मेरे साथ खड़ा पाया। यह संगठन मेरा परिवार है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन, प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन, राष्ट्रीय सलाहकार सुनील अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष रेखा निगम, प्रदेश महासचिव एसपी सिंह, वरिष्ठ समाज सेवक सचिन गुप्ता, शशि टंडन आदि मौजूद रहे।



राजेश टंडन का स्वागत करते मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारी।

# भारतीय सेना के सम्मान में उत्तराखण्ड में कांग्रेस निकालेगी 1 जून को 'जय हिंद' रैली

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर में बड़ी सफलता हासिल की। सेना के सम्मान में जहां भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में शौर्य तिरंगा यात्रा निकल रही है तो वहीं उत्तराखंड कांग्रेस अब ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जय हिंद' रैली, निकालने जा रही है। जिसकी शुरुआत कुमाऊं की आर्थिक राजधानी हल्द्वानी से 1 जून से शुरू करने जा रही है।

जय हिंद रैली के सफल बनाने के लिए हल्द्वानी में कांग्रेस स्वराज आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के अलावा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता के साथ–साथ भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और सम्मान को नमन करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 'जय हिंद' रैली निकालने जा रही है। उत्तराखंड में इस रैली का शुभारंभ हल्द्वानी से किया जाएगा। यह रैली विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत की सैन्य ताकत और देशभक्ति को समर्पित होगी। जिसमें हमारे सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान की ओर से होने वाली साजिशों और आतंक को मुंहतोड़ जवाब दिया।



पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेता।

इस रैली का उद्देश्य है सैन्य बलों के पराक्रम को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सम्मान देना और जनता को यह संदेश देना कि कांग्रेस हमेशा देश के जवानों के साथ खड़ी रही है। इस दौरान करन महरा ने केंद्र सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इस रैली के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मोदी सरकार की फेलियर को भी लोगों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री सदन में बयान देते हैं कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी अगर 2 दिन बाद युद्ध विराम कर दी होती तो आज पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का होता, लेकिन, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान केंद्र सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और एक बड़े व्यापारी के दबाव में आकर युद्ध विराम को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया का भी भारतीय जनता पार्टी के एक बड़े मंत्री ने अपमान किया है।

# ब्लाक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा पोखरी की अध्यक्षता में हुई शैक्षिक संगोष्ठी



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड पोखरी में खंड शिक्षा अधिकारीध ब्लॉक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा पोखरी विनोद सिंह मटूड़ा जी की अध्यक्षता में प्रधानाचार्य , प्रधानाध्यापक, शिक्षक ध् शिक्षिका, समन्वयक, कार्यालय कार्मिक एवं भोजन माताओ के बीच शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित हुई।

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पोखरी में विकासखंड स्तर पर हुई शैक्षिक संगोष्ठी में बीईओ विनोद सिंह मटूरा जी ने कहा कि विद्यालयों में अध्यापक अध्यापिकाएं अच्छा कार्य कर रहे हैं पर उसका अभिलेखीकरण अथवा दस्तावेजीकरण नहीं करने के कारण जन समुदाय तक कार्यक्रम नहीं पहुंच पा रहा हैं सभी को यह जानना जरूरी है कि अभिलेख हमारे लिए कितना उपयोगी हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती कुसुम गढ़िया ने कहा जिस प्रकार हमारे निजी जीवन में हमारे व्यक्तिगत अभिलेखों का महत्व है उसी प्रकार सार्वजनिक जीवन में भी हमारे विद्यालयों में किए गए कार्यों का अभिलेखीकरण हमारे लिए कारगर सिद्ध हो सकते हैं।उन्होंने पी0पी0टी0 के माध्यम से अपने द्वारा किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। श्री कल्याण सिंह चौधरी सहायक अध्यापक विज्ञान उच्च प्राथमिक विद्यालय सूगी करछना ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चे कैसे उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय से 40 से 50: छात्र–छात्राऑ ने मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा ध्एन एम एम एस परीक्षा में सफलता अर्जित की है। श्री संदीप नेगी सहायक अध्यापक विज्ञान उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरसन ने पीपीटी के माध्यम से विज्ञान को कैसे आसान बनाया जा सकता है की जानकारी से सदन को संबोधित किया। जबकि रविंद्र रावत सहायक अध्यापक अंग्रेजी उच्च प्राथमिक विद्यालय गुडम ने पीपीटी के माध्यम चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि बच्चों की बोलचाल में अंग्रेजी को कैसे फ्रिक्वेंटली बनाया जाए, उसके बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किए। सरिता किमोठी प्रधानाध्यापिका राजकीय प्राथमिक विद्यालय सलना एवं श्रीमती कल्पेश्वरी देवी सहायक अध्यापिका राजकीय प्राथमिक विद्यालय सोडा मंगरा ने अपने संबोधन में प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को कैसे सिखाया जाता है अपने अनुभव सदन में साझा किए, इसी का परिणाम है कि, इन विद्यालयों से बच्चे अबेकस प्रतियोगिता, गणित एवं स्पेल जीनियस प्रतियोगिता, सुलेख अथवा मानचित्र प्रतियोगिता आदि में जनपद अथवा राज्य स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं। तेजपाल बटोला सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय सोडा मंगरा ने विद्यालय में कबाड़ से जुगाड़ कैसे किया जाता है उसके बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किए एवं इसमें बच्चों द्वारा किए गए क्रिएटिव वर्क को भी सदन के सम्मुख रखा। विजय प्रसाद प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय पैनी ने सामुदाय से कैसे सहयोग प्राप्त होता है और उनके विद्यालय में समुदाय का कितना महत्वपूर्ण योगदान रहता है उसके उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही विद्यालय में अपने सहायक अध्यापक द्वारा शिक्षण प्रक्रिया में बेहतरीन नवाचारों की जानकारी साझा की। भोजन माता श्रीमती सुषमा देवी राजकीय प्राथमिक विद्यालय ख़ाल ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को संस्कार वान बनाने के लिए समता ममता एवं विनम्रता का भाव होना जरूरी है उन्होंने भोजन माताओ को अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार हम घर में अपने बच्चों के प्रति संवेदनशील होते हैं, उसी प्रकार विद्यालय में भी भोजन माताओं को बच्चों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। प्रधानाचार्य श्रीमती विजय लक्ष्मी रावत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पोखरी ने विद्यालय में बालिकाओं के लिए चलाई जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही साथ बेटियां समाज में कितनी महत्वपूर्ण है और उनके लिए शिक्षा क्यों जरूरी है के बारे में अवगत कराया। प्रधानाध्यापक श्री हरीश चंद्र डिमरी राजकीय माध्यमिक विद्यालय शरण ऐरास ने विद्यालय में किए जाने वाले कार्यों एवं अपने शिक्षण प्रक्रिया के अनुभवों से सदन को अवगत कराया।

# काठगोदाम पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक, 12 बोर बंदूक व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद नैनीताल में 'अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर सख्ती से नकेल' कसने हेतु 'वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा' द्वारा लगातार निर्देशित किया जा रहा है कि सभी थानाध्चौकी प्रभारियों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में 'संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु एवं बाहरी व्यक्तियों की गहन चेकिंग की जाए तथा अवैध हथियार रखने वालों पर तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्यवाही' सुनिश्चित की जाए।

इसी क्रम में 'पुलिस अधीक्षक नगर प्रकाश चंद्र' एवं 'क्षेत्राधिकारी नगर नितिन लोहनी' के पर्यवेक्षण तथा 'थानाध्यक्ष काठगोदाम पंकज जोशी' के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.05.2025 को थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे 'चौंकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता' प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान 'कोल्टेक्स से हल्द्वानी की ओर, बिजली के ट्रांसफार्मर के पीछे' एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर 'एक अदद अवैध 12 बोर (पौनिया) बंदूक' व '02 अदद जिंदा कारतूस' बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्त की पहचान 'विनोद चंद्र आर्य पुत्र गोपाल राम' निवासी 'ब्यूराखाम टंगर, काठगोदाम, जनपद नैनीताल', उम्र '19 वर्ष' के रूप में हुई, 'जिसे गिरफ्तार कर' थाना काठगोदाम में अभियुक्त के विरुद्ध थाना काठगोदाम में मुकदमा दर्ज किया गया है। 'अवैध हथियार, नशे व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस की यह कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।'

# आदि शक्ति देवराडी देवी की देवरा यात्रा ग्राम बौला में रात्रि विश्राम के बाद हुई विदा, श्रीकोट गांव पहुंचने पर माता की डोली का भव्य स्वागत



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 12 साल बाद 6 माह की देवरा यात्रा पर निकली रानीगढ पट्टी की देवराडी देवी सैकड़ो गांवों का भ्रमण करते हुए बीते रोज बौला गांव में पहुंची जहां पर विश्राम के बाद माता की देवरा रविवार को श्रीकोट गांव में पहुंची। गांव में पहुंचने पर भक्तों ने माता का विधि–विधान से पूजा अर्चना कर माता को श्रृंगार सामग्री अर्पित की व क्षेत्र की सुख समृद्धि के साथ मनौतियां मांगी। इस पूजन कार्यक्रम में माता सहित लाटू व सीगलास देवता की पुजारी प्रकाश देवली द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधि–विधान के साथ पूजा अर्चना की। धयाणीयो द्वारा अपने अपने घरों से लाऐ गये चढ़ावे को मां को अर्पित किया गया। इससे पहले माता की देवरा यात्रा नगर क्षेत्र गौचर सहित कई क्षेत्रों का भ्रमण कर चुकी है। जहां पर माता के पार्श्वों द्वारा अपने भक्तों को दर्शन देकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। माता की देवरा यात्रा सिरण, झिरकोटी स्यालता, सिदवाणी व शनिवार को बोला गांव में पहुंची। जहां पर ग्रामीणों द्वारा माता का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रात्रि विश्राम के बाद श्रीकोट गांव में पहुंची भगवती देवरा यात्रा का गांववासियों द्वारा स्वागत किया। 4 दिसंबर को सिदोली क्षेत्र के देवल गांव में स्थित मंदिर के गर्भगृह से छः माह की देवरा यात्रा पर निकली भगवती 27 मई को वनातोली में विराजमान होंगी जहां पर नित्य पूजा पाठ व धार्मिक क्रिया कलापों के संपन्न होने के बाद 5 जून को आदिशक्ति देवराडी देवी अपने गर्भ गृह में विराजमान हो जायेगी। देवरा यात्रा में पुजारी प्रकाश देवली, देवरा यात्रा समिति के अध्यक्ष उम्मेदसिंह सिंह चौधरी, भोग शास्त्री भगवती प्रसाद खंडूरी ऐरवालों की रूप में साहिल और सौरभ आदि है।

इस मौके पर जयपाल सिंह, प्रदीप चौधरी, बीर सिंह चौधरी, जीतपाल सिंह चौधरी के अलावा कई भक्त मौजूद थे।

# रेलवे प्रभावित रानों गांव में कौशल उधमिता विकास कार्यक्रम के तहत 14 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रेलवे प्रभावित गांव रानों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 14 दिवसीय सूक्ष्म कौशल उधमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को रानों गांव में हुआ।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद द्वारा क्रियान्वित और रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा समर्थित प्रोजेक्ट प्रगति प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उद्यमी दर्शन सिंह चौहान और परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह कुशवाहा ने किया। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रभावित गांव रानो की महिलाओं को इस प्रशिक्षण में मिलेट्स बेकरी उत्पाद बनाने की तकनीकी प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। आरवीएनएल ऋषिकेश और ईडीआईआई अहमदाबाद मिलकर महिलाओं को फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निपुण बनाने का कार्य कर रही है। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बने और अपना स्वरोजगार स्थापित कर नए अवसरों का लाभ उठाए। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह ने 14 दिवसीय प्रशिक्षण के उद्देश्य और परियोजना के बारे में एवं उद्यमिता अवधारणा और महत्व के बारे में अपने सत्र में जानकारी दी। उद्यमी कौन बन सकता है नवाचार, बिजनेस आइडिया, समूह उद्यम और इसकी पहुंच एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं को बताया। उद्यमी दर्शन सिंह चौहान ने अपने सत्र में समूह उत्पाद तैयार करने के लिए 4पी मॉडल प्रोडक्ट, प्राइस, प्लेस और प्रमोशन के बारे में बताया।

इस 14 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को 6 दिन उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) और 8 दिन मिलेट्स बेकरी उत्पाद जैसे बिस्किट, नमकीन, केक, लड्डू आदि उत्पादों पर तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेकर महिलाएं हेल्थी उत्पाद बाजार में बिक्री हेतु उपलब्ध कराएगी। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को मूल्य संवर्धन की तकनीकों से अवगत कराकर उन्हें स्वरोजगार एवं आय सृजन की दिशा में सशक्त बनाना है इससे न केवल आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। और ग्राहकों को मिलेट्स निर्मित शुद्ध उत्पाद मिलेंगे।

26 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 11:15 AM Page 6



# बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति से जुड़े 45 अन्य मंदिरों की यात्रा व्यवस्था को भव्य बनाया जायेगा : हेमंत द्विवेदी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा बदरीनाथ एवं केदारनाथ की यात्रा भव्यता और पूर्ण निष्ठा भक्ति के साथ जारी है। बीकेटीसी अध्यक्ष ने कहा उत्तराखण्ड सरकार और मंदिर समिति यात्रा व्यवस्था को और अधिक सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए दृढ संकल्पित है। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहा उत्तराखण्ड के 45 मंदिर जो बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति से जुड़े हैं उनकी यात्रा व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित किया जायेगा। ताकि भारत और दुनिया से आने वाले श्रद्धालु बदरीनाथ केदारनाथ गंगोत्री यमुनोत्री के दर्शन और यात्रा की तरह इनर 45 मंदिरों में भी पहुंचे।



रविवार को बदरीनाथ धाम में भगवान बदरी विशाल तथा श्री केदारनाथ धाम के दर्शन और यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा सारा ब्रह्माण्ड जिन बदरी विशाल बाबा केदार के श्री चरणों में अपना शीश नवाता है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे बदरीनाथ केदारनाथ समिति के अध्यक्ष के तौर पर प्रभु की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा महारानी अहिल्या बाई होल्कर जी के त्रिशताब्दी पर आयोजित कार्यक्रमों में मैंअहिल्या बाई होल्कर जी की प्रभु सेवा के कार्यों में उनके द्वारा बदरीनाथ के सिंहद्वार के निर्माण में योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कार्यालय सभागार में मंदिर समिति, पुलिस प्रशासन एवं आईटीबीपी के अधिकारियों से बदरीनाथ धाम यात्रा के विषय में बातचीत की तथा केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की बताया कि अभी तक 9 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री बदरीनाथ तथा केदारनाथ धाम के दर्शन कर लिए है। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ धाम में यात्रियों को भगवान के सुगमतापूर्वक दर्शन हो इसके लिए हर संभव कार्य किये जायेंगे। बताया कि आज तक साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन कर लिए है। बी के टी सी के अध्यक्ष ने हेमकुंड साहिब लोकपाल तीर्थ के कपाट खुलने के अवसर को सौभाग्य का दिन बताया । बदरीनाथ धाम में बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बदरीनाथ धाम के रावल अमरनाथ नंबूदरी से आशीर्वाद लिया।

बीकेटीसी अध्यक्ष क्षेत्र भ्रमण के बाद कल देर रात श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे। आज प्रातरू लोकक कल्याण हेतु भगवान श्री बदरीविशाल के दर्शन तथा पूजा–अर्चना की किये। माता लक्ष्मी जी के मंदिर में दर्शन किये। जहां डिमरी पुजारीगणों ने शाल ओढ़ाकर बीकेटीसी अध्यक्ष का स्वागत किया। इसके बाद बीकेटीसी अध्यक्ष यात्रा के कुशलता हेतु हवन में शामिल हुए तत्पश्चात श्री बदरीनाथ धाम के रावल अमरनाथ नंबूदरी से भी आशीर्वाद लिया।

## भारी बारिश और आंधी तूफान से भारी नुकसान

**रुद्रप्रयाग।** तेज आंधी तूफान के साथ मूसलाधार बारिश से भारी नुकसान हुआ है। तेज बारिश के चलते गदेरे उफान पर आ गए। वहीं आंधी तूफान से कई भवनों और गौशालाओं की छत उड़ गई। इस विनाशलीला में कई पेड़ों को भी क्षति पहुंची है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से क्षति का आकलन किया जा रहा है।

बीती देर रात रुद्रप्रयाग जनपद के कई इलाकों में तेज बारिश के साथ आंधी–तूफान चलने भारी क्षति हुई है। अगस्त्यमुनि में विजयनगर गदेरा उफान पर आ गया। जिससे गदेरे के किनारे खड़ी करीब एक दर्जन से ज्यादा स्कूटी और बाइक भी मलबे की चपेट में आ गए। इसके अलावा तेज बारिश और आंधी तूफान से भरदार पट्टी के दरमोला गांव में भी गौशाला और भवनों की छत उड़ गई।

ग्रामीणों के सामने अब मवेशियों को रखने की समस्या खड़ी हो गई है। अगस्त्यमुनि नगर पंचायत के विजयनगर इलाके में बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया।

## काररोड में ट्रांसफार्मर अपग्रेड करने और नया लगाने पर व्यापारियों ने जताया विद्युत अधिकारियों का आभार

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** व्यापार मंडल बिन्दुखत्ता द्वारा काररोड के ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने और नया ट्रांसफार्मर लगाने पर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण हल्द्वानी का आभार जताया।

बिंदुखत्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभात पाल ने बताया कि बिंदुखत्ता काररोड के बाजार में 300 से अधिक दुकानदार व छोटे व्यवसाई है। परंतु खपत से काफी कम क्षमता 100 केवी का ट्रांसफार्मर बाजार में होने के चलते लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही थी, उक्त समस्या को व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा हल्द्वानी ग्रामीण डिवीजन के अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह के समक्ष रखा गया।



जिस पर काररोड बिंदुखत्ता के दो ट्रांसफॉर्म आज 100 केवी से 200 और एक 250 केवी में अपग्रेड होने के साथ ही अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी काररोड बाजार क्षेत्र को मिल गया। जिससे अब ग्रामीण एवं दुकानदारों को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जाएगी। अध्यक्ष प्रभात पाल ने अधिशासी अभियंता और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी प्रदीप नौटियाल का आभार व्यक्त किया।

## श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के सातवें दिवस में श्री भवानी शंकर आश्रम में गूंजी निष्काम कर्म और श्रद्धा की दिव्यता

**रुड़की। (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्री भवानी शंकर आश्रम, कर्नल एनक्लेव, रुड़की में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के सातवें दिवस का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान के दिव्य संगम के रूप में संपन्न हुआ।



कथा ब्रह्मलीन महंत श्री गुलाब गिरी जी महाराज की प्रेरणा और श्री महंत रीमा गिरी जी महाराज एवं श्री महंत त्रिवेणी गिरि जी महाराज के सानिध्य में हो रही है। श्रद्धेय श्री राहुल गोपाल जी महाराज (चित्रगुप्त पीठ, वृंदावन) ने अपने दिव्य वचनों से उपस्थित भक्तों को आज जीवन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण सीख दी। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से तभी फल प्राप्त होता है जब श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा, सच्चे हृदय और समर्पण भाव से कुछ अर्पण करें दृ चाहे वह एक तुलसी पत्र ही क्यों न हो। उन्होंने श्रीमद्भगवद् गीता के मूल संदेश को स्पष्ट करते हुए बताया कि धन से अत्यधिक मोह न रखें। निष्काम कर्म करें, समबुद्धि रखें और अपने कर्तव्यों का पालन सबकी भलाई के लिए करें दृ यही सच्चा वैराग्य और भगवद् भक्ति है। सैकड़ों श्रद्धालु इस दिव्य प्रवचन में उपस्थित रहे और श्री महापुराण की इस सातवीं कड़ी को भावविभोर होकर श्रवण किया। आश्रम की ओर से सभी भक्तों को विनम्र आमंत्रण है कि वे कथा के समापन दिवस (25 मई) पर पधारें तथा कल, 26 मई 2025 को आयोजित प्रसाद भंडारा में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# राइका गोदली में जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई बहुउद्देशीय जागरूकता शिविर

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के तत्वाधान में पोखरी ब्लॉक के राजकीय इण्टर कॉलेज गोदली में जनपद न्यायाधीश विंध्याचल सिंह की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरताध्जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में उपस्थित आमजन मानस को विधिक जानकारियों के साथ–साथ उद्योग, राजस्व, उरेडा, ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, पर्यटन विभाग, वन विभाग , सहकारिता विभाग, बाल विकास, सैनिक कल्याण, कृषि विभाग, पशुपालन, खाद्य पूर्ति, यूपीसीएल, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, भारतीय डाक विभाग, श्रम विभाग, आयुर्वेदिक, यूनानी होम्योपैथिक, ग्राम्या विकास विभाग तथा ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ आम जन की समस्याओं का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग 225 लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई तथा अन्य विभागों द्वारा स्थानीय लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया!

समाज कल्याण विभाग द्वारा भुवन चंद्र को बालिका विवाह अनुदान 50हजार तथा सतीश चंद्र को अटल आवास 1.3 लाख का चेक दिया गया है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 05 दिव्यांग को उपकरण, बाल विकास विभाग के माध्यम से महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर आम जनमानस को विधिक जानकारियों के साथ साथ छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जन को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छवि बंसल ,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट लवल कुमार वर्मा, अध्यक्ष बार एसोसियन भरत सिंह रावत के साथ–साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, राजकीय इंटर कालेज गोदली के अध्यापक गण ,छात्र छात्रों जनप्रतिनिधि व आम जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

26 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 11:15 AM Page 7



# हाउस ऑफ हिमालयाज के कॉर्ट का मंत्री जोशी ने किया उद्घाटन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून स्थित हाथीबड़कला स्थित सेन्ट्रियो मॉल में हाउस ऑफ हिमालयाज के कार्ट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टॉल पर प्रदर्शित उत्पादों का निरीक्षण किया और हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत उपलब्ध विभिन्न स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने डिजिटल पेमेंट के माध्यम से कार्ट से खरीददारी भी की।

इस दौरान ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया मुहिम का उल्लेख करते हुए कहा कि आज गांव की महिलाएं भी तकनीक से जुड़ रही हैं और डिजिटल माध्यम से लेन–देन कर रही हैं, जो कि एक सशक्त और समावेशी भारत की दिशा में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण समुदाय विशेषकर महिलाओं के सतत आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने विशेष रूप से फिल्म्स, परफ्यूम्स, उत्तराखंड रेशम



हाउस ऑफ हिमालयाज के कॉर्ट में उत्पादों का निरीक्षण करते मंत्री गणेश जोशी

के शॉल और स्टोन प्रोडक्ट्स की सराहना की और सुझाव दिया कि इन प्रीमियम उत्पादों को इस प्रकार प्रदर्शित किया जाए ताकि वे आमजन को आकर्षित कर सकें और मॉल की प्रकृति के अनुसार उपयुक्त स्थान पर प्राइम लोकेशन में रखे जाएं।

ग्राम्य विकास मंत्री ने बताया कि हाउस ऑफ हिमालयाज एक अम्ब्रेला ब्रांड है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 को वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल अभियान के तहत किया था। इसका उद्देश्य उत्तराखंड के स्वयं सहायता समूहों, महिला किसानों और ग्रामीण उद्यमियों द्वारा निर्मित प्रीमियम उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक लगभग 67 हजार स्वयं सहायता समूह गठित किए जा चुके हैं, जो करीब 4.92 लाख ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को संगठित करते हैं। वर्तमान में 1.63 लाख महिलाएं श्लखपति दीदीष् बन चुकी हैं, जो वार्षिक एक लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से अब तक करीब 1.50 करोड़ से अधिक के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। इन उत्पादों को ई–कॉमर्स और क्यू–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स जैसे अमेजन, ओएनडीसी और जिओमार्ट के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक पहुँचाया जा रहा है। साथ ही लूलू ग्रुप, स्पाइसेस बोर्ड और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग जैसी संस्थाओं के साथ एमओयू भी किए गए हैं। मंत्री जोशी ने बताया कि देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट के बाद अब सेन्ट्रियो मॉल में यह कार्ट लॉन्च किया गया है, जिससे हिमालयी उत्पाद अब शहरी ग्राहकों के लिए भी आसानी से सुलभ होंगे। मंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि यह पहल राज्य में गरीबी उन्मूलन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इस दौरान अपर सचिव झरना कमठान, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, भावना चौधरी, ज्योति कोटिया, उपायुक्त ग्राम्य विकास एके राजपूत सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लावारिस खड़ी कार में मिला सुसाइड नोट, पुलिस ने की मामले की जांच शुरू

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में गंगनहर के किनारे शनिवार को एक कार लावारिश मिली। कार से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जांच में कार मालिक लक्सर निवासी युवक पाया गया है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मानते हुए युवक की तलाश गंगनहर में कर रही है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह चेतक पुलिसकर्मी रेगुलेटर पुल निकट जटवाड़ा पुल पर रूटीन गश्त करते हुए पहुंचे। वहां एक कार इको स्पोर्ट सफेद रंग खड़ी थी। शक होने पर गाड़ी को खोलकर देखा तो गाड़ी के डेश बोर्ड से सुसाइड नोट प्राप्त हुआ। चेतक पुलिस ने तत्काल यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह को दी। जांच में पता चला कि गाड़ी अरुण धीमान पुत्र सोम दत्त धीमान निवासी ग्राम फतवा थाना लक्सर जनपद हरिद्वार के नाम पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी मालिक के भाई पंकज से संपर्क किया गया।

## बैंक में बंधक मकान को बेचकर लाखों की धोखाधड़ी, पांच के खिलाफ मामला दर्ज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बैंक से बंधक मकान को कुछ लोगों ने बेचकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर डाली।

पीड़ित द्वारा रजिस्ट्री करने के बाद जब मकान पर कब्जा लेने पहुंचे तो वहां पुलिस ने उन्हें बाहर कर दिया। इस मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच तेज कर दी है।

अमित गुलाटी निवासी डालनवाला ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह एक जमीन या मकान की तलाश कर रहा था। इसी दौरान उनकी मुलाकात संदीप कुमार निवासी हरिद्वार से हुई। संदीप ने अमित को एक मकान दिखाया और कहा कि यह मकान उन्होंने सुनीता गौतम निवासी रुड़की जिला हरिद्वार से खरीदा है। जिसके बाद अमित गुलाटी को मकान पसंद आ गया और मकान का सौदा 90 लाख रुपए में तय हुआ। मकान पसंद आने के बाद अमित गुलाटी 90 लाख रुपए की रकम आरोपी को दे दी और रजिस्ट्री भी करवा दी।

जब वह कब्जा लेने पहुंचे तो उस दौरान सुनीता गौतम, तेलुराम गौतम, संजय कुमार, हर्ष गौतम मौके पर पहुंचे और कब्जा लेने से रोकने लगे, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। जब उन्होंने मकान के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि मकान बैंक में बंधक था। आरोपियों ने षड़यंत्र के तहत अमित गुलाटी मकान दिखाकर उनसे 90 लाख रुपये हड़प लिए।

## मसूरी में पर्यटकों ने बारिश का उठाया लुफ्त

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश की राजधानी देहरादून व मसूरी में रविवार को मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह हल्की बारिश ने तापमान में गिरावट आ गई है। जिससे गर्मी से परेशान स्थानीय लोगों राहत की सांस ली। उधर मसूरी में भी बारिश से पर्यटकों को बड़ी राहत मिली। ठंडी हवाओं और रिमझिम फुहारों ने पहाड़ों की रानी को और भी हसीन बना दिया है. बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया, जिससे स्थानीय बाजारों और प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों की चहल–पहल बढ़ गई।



सुहावने मौसम का लुत्फ उठाते पर्यटक।

जहां रविवार सुबह हुई बारिश से देहरादून के लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं बारिश के बाद मसूरी मालरोड, गन हिल और लाल टिब्बा जैसे इलाकों में लोग मौसम का लुत्फ उठाते नजर आए। पर्यटक गरम चाय का आनंद लेते हुए पहाड़ी नजारों को कैमरे में कैद करते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही हल्की बारिश और ठंडी हवाओं का सिलसिला जारी रह सकता है। इससे गर्मी से और राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान मसूरी घूमने आए एक पर्यटक ने कहा कि वे तो गर्मी से भागकर यहां आए थे और ये बारिश का मौसम तो उनके लिए बोनस जैसा है। उन्होंने कहा कि मसूरी में ठंड का अहसास हो रहा है, जबकि मैदानी इलाकों में लोगों का गर्मी से हाल बेहाल है। बता दें कि प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। बीते दिनों प्रदेश के पहाड़ी जिलों में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है।

# सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' के 122वें संस्करण में किया प्रतिभाग

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें संस्करण में प्रतिभाग करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देशवासियों ने मोदी जी के प्रति जो विश्वास जताया है। मन की बात कार्यक्रम उस विश्वास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, में पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल



**स्वदेशी सैटेलाइट नाविक की मदद और वीर सैनिकों के पराक्रम ने किये दुश्मन के हौसले पस्त**

महाराज ने रविवार को कारगी स्थित बहुगुणा कॉलोनी, विद्या विहार के वार्ड 73, बूथ नंबर 156 पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें संस्करण को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में बताया कि किस प्रकार से आपरेशन सिंदूर में हमारे वीर सैनिकों ने अपनी वीरता का परिचय दिया। इसमें दो राय नहीं कि एस–400 सुरक्षा कवच और हमारे सैनिकों ने दुश्मनों के अभेद्य कवच को नेस्तनाबूत कर दिया। उन्होंने बताया कि जब वह देश की रक्षा संबंधी स्थायी समिति अध्यक्ष थे तो उस दौरान उनके समय में ही अपने देश की जीपीएस सिस्टम प्रणाली की रिकमेंडेशन की गई। कारगिल युद्ध के दौरान अमेरिका ने अपना जीपीएस सिस्टम बंद कर दिया था जिससे हमें दुश्मनों की लोकेशन और अपने सैनिकों की लोकेशन का ठीक से पता नहीं चल पाया और हमारे केई सैनिक शहीद हो गए। इसी से सबक लेकर हमने स्वयं के जीपीएस सिस्टम को रिकमेंड किया और हमारा अपना सैटेलाइट सिस्टम श्नाविकष् अस्तित्व में आया। जिसकी सहायता से हमारी मिसाइलों ने आतंकवादियों के अड्डों को चुन चुन कर नेस्तनाबूत कर दिया। निश्चित रूप से मन की बात कार्यक्रम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जागरूक करने के साथ–साथ श्एक भारत, श्रेष्ठ भारतश् की भावना से देश को सशक्त बनाने का काम दिया है। अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा, महामंत्री दिनेश सती, कार्यक्रम संयोजक सुभाष बालियान, उपाध्यक्ष शशि जोशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष वैजयंती माला, बूथ नं 156 के अध्यक्ष आलोक बहुगुणा, स्थानीय पार्षद रमेश गौड, भाजपा नेता चरण सिंह कंडारी, ओमप्रकाश, जेपी धस्माना सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

26 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 11:15 AM Page 8



# राजकीय शिक्षक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने भूपाल



**अल्मोड़ा (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजकीय शिक्षक संघ का दो दिवसीय जिला स्तरीय अधिवेशन के दूसरे दिन उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में चुनाव कराए जा रहे हैं। जिला मंत्री, उपाध्यक्ष व महिला उपाध्यक्ष के पद पर हो रहे चुनाव में आमने टक्कर है। वहीं, अध्यक्ष सहित छह पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय है।

अधिवेशन के पहले दिन शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी और नामांकन प्रक्रिया, नाम वापसी तथा प्रत्याशियों का संबोधन हुआ। अध्यक्ष समेत छह पदों पर एक–एक नामांकन होने पर इन सभी में निर्विरोध निर्वाचन होना निश्चित हो गया है, जबकि जिला मंत्री, उपाध्यक्ष व महिला उपाध्यक्ष के पद पर चुनाव कराया जा रहा है। दूसरे सत्र में हुई नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर भूपाल सिंह चिलवाल, संगठन मंत्री पद पर जीवन सिंह नेगी, संगठन मंत्री महिला पद पर लता वर्मा, संयुक्त मंत्री पद पर प्रकाश चंद्र भट्ट, संयुक्त मंत्री महिला पद पर राधा लसपाल तथा आय व्यय निरीक्षक के पद पर चंदन सिंह ने नामांकन कराया।

इन सभी पदों पर एक एक प्रत्याशी होने से इनका निर्विरोध निर्वाचन होना तय है। राजकीय शिक्षक संघ का उदय शंकर नृत्य एवम संगीत अकादमी में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें मतदान किया जा रहा है। संघ के जिला मंत्री पद पर राजू महरा और जीवन तिवारी आमने सामने हैं।

उपाध्यक्ष पद पर मदन भण्डारी और कैलाश रावत तथा महिला उपाध्यक्ष महिला पद पर मीनाक्षी जोशी और चन्द्रकला वर्मा चुनाव मैदान में हैं।आज तीन पदों के लिए चुनाव हो रहा है। इस दौरान निर्विरोध अध्यक्ष चिलवाल ने कहा अध्यक्ष पद सहित छह पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। तीन पदों जिला महामंत्री, उपाध्यक्ष और महिला उपाध्यक्ष पद पर चुनाव हो रहा है। इस चुनाव की लिए जिले के 2300 शिक्षक मतदाता पंजीकृत हैं। 1500 से अधिक मतदाता इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

## दो मरीजों में कोरोना की पुष्टि होने के बाद उत्तराखण्ड स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

**देहरादून।** देश के साथ ही उत्तराखण्ड में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ने दस्तक दे दी है। उत्तराखंड में भी दो ऐसे मरीजों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है, जो बाहर से आए थे। इसमें से एक महिला मरीज गुजरात की यात्रा करके लौटी थी। महिला का ऋषिकेश एम्स में उपचार चल रहा है। जबकि दूसरी मरीज हाल ही में बेंगलुरु से लौटी है।

मिली जानकारी के अनुसार संक्रमित महिला एक चिकित्सक भी है। इन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि प्रदेश की सभी चिकित्सा इकाईयों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मरीजों में इस तरह के लक्षण मिलने पर उनकी आवश्यक रूप से जांच कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# भाजपा पंचायत चुनाव के लिए तैयार, निकायों की भांति मिलेगी बड़ी जीत: चौहान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने कहा कि प्रदेश मे पंचायत चुनावों को लेकर संगठन पूरी तरह तैयार है। पंचायत चुनाव मे निकायों की भांति भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पार्टी मुख्यालय में पंचायत तैयारियों को लेकर पूछे सवाल पर कहा कि इस बार हम सभी जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अधिकांश क्षेत्र प्रमुख सीटों पर जीत दर्ज करने वाले हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा संगठन राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की तीसरी सरकार बनाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। पार्टी और उसके देवतुल्य कार्यकर्ता वर्ष में 365 दिन जनता के बीच सक्रिय रहते हैं। पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में हमारी केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन सरकार बेहद शानदार कार्य कर रही है। इसी तरह हाल में हुए निकाय चुनावों में प्रचंड जीत के बाद शहरी क्षेत्रों में एक और इंजन इसमें लग गया है। अब मौका है ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में तीसरा इंजन पंचायत चुनाव में जीत दर्ज कर लगाने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियां और संगठन की सक्रियता पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत का भरोसा देती है। चुनाव की तिथि जब भी घोषित होंगी भाजपा का परचम लहराना तय है। उन्होंने दावा किया कि इस बार प्रदेश की सभी जिला पंचायत अध्यक्ष और अधिकांश क्षेत्र पंचायत सीटों पर पार्टी उम्मीदवार, जनता के आशीर्वाद से रिकॉर्ड जीत दर्ज करेंगे।

## दोहरे हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**उधमसिंहनगर।** दोहरे हत्याकांड में बीते माह से फरार रहे एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड को अंजाम देने वाले पांच भाइयों सहित 7 आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके है। जानकारी के अनुसार बीते माह 28 अप्रैल को कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र में हुये डबल मर्डर की वारदात को अंजाम देने वाले पांच सगे भाईयों एंव दो अन्य मुख्य आरोपियों को मय घटना में प्रयुक्त पिस्टल सहित गिरफ्तार किया जा चुका था। परन्तु मामले में एक आरोपी सागर हुड़िया घटना के दिन से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस लगातार ताबड़तोड़ दबिश दे रही थी और फरार आरोपी के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट भी न्यायालय से जारी किया जा चुका था।

## न्यूज डायरी

### वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध कर रही कांग्रेस की विकास विरोधी सोच: चौहान

**देहरादून।** भाजपा ने वन नेशन वन इलेक्शन पर उत्तराखंड कांग्रेस की राय को दुर्भाग्यपूर्ण और विकास बाधित करने की सोच बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मे किये गए प्रयास ईमानदारी से होते तो यह विचार धरातल पर उतरता और चुनाव के चलते न विकास बाधित होता और न ही ला एंड ऑर्डर पर कोई फर्क पड़ता। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि आजादी के बाद इसी नीति में 4–4 सरकारें बनाने वाली पार्टी अब हार के डर से विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर गठित जेपीसी के सामने उत्तराखंड भाजपा ने इस कदम के समर्थन में अपना मत स्पष्ट किया है। हमारा मानना है कि विकसित भारत निर्माण की गति तेज करने, चुनावी खर्च को घटाने, विकास कार्यों को निर्बाध करने, संसाधनों का दुरुपयोग रोकने तथा मतदाताओं को अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए यह अति आवश्यक कदम है।

## पेज 01 का शेष...

### उत्तराखंड में यूसीसी में चार माह में डेढ़ लाख से अधिक आवेदन मिले: मुख्यमंत्री धामी

जिसकी परिकल्पना हमारे संविधान निर्माताओं ने भी की थी और राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में इसे सम्मिलित किया था। यूसीसी के माध्यम से किसी भी धर्म की मूल मान्यताओं और प्रथाओं को नहीं बदला गया है, केवल कुप्रथाओं को दूर किया गया है। यूसीसी के अंतर्गत सभी धर्मों के नागरिकों के लिए विवाह, तलाक और उत्तराधिकार से संबंधित मामलों में एक समान विधिक प्रक्रिया निर्धारित की गई है। अब पति–पत्नी को विवाह विच्छेद के लिए निर्धारित न्यायिक प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होगा तथा बहुविवाह की प्रथा पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन कानूनों के अंतर्गत सभी धर्म और समुदायों में बेटी को भी संपत्ति में समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही, संपत्ति के अधिकार में बच्चों में किसी भी प्रकार का भेद नहीं किया गया है, अर्थात प्राकृतिक संबंधों के आधार पर, सहायक विधियों द्वारा या लिव इन संबंधों द्वारा जन्मे बच्चों का भी संपत्ति में बराबर अधिकार माना जाएगा। यूसीसी के अंतर्गत बच्चों की संपत्ति में माता–पिता को भी अधिकार प्रदान किया गया है, जिससे बुजुर्गों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और उन्हें सम्मान पूर्वक जीवन यापन का अधिकार प्राप्त हो। वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए, युवा पीढ़ी विशेष रूप से युवक–युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें संभावित सामाजिक जटिलताओं एवं अपराधों से बचाने के उद्देश्य से इसमें लिव–इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार उनके माता–पिता या अभिभावक को देगा, ये जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी। यूसीसी के माध्यम से जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण की भांति विवाह और विवाह–विच्छेद दोनों का पंजीकरण भी किया जा सकेगा। समान नागरिक संहिता लागू करने के साथ ही इसके क्रियान्वयन हेतु एक प्रभावी एवं स्पष्ट नियमावली को भी लागू कर दिया है।

# भाई की जमानत कराने के चक्कर में बहन ने किया ऐसा काम, पहुंची जेल

**उधमसिंहनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक युवक और एक युवती को 20 ग्राम से अधिक स्मैक और तस्करी में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि गिरफ्तार की गई युवती जेल में बंद अपने भाई की जमानत कराने के लिए यह आपराधिक कृत्य को अंजाम दे रही थी।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना गदरपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले सामान की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए



पकड़ी गई आरोपी।

पुलिस ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को बकैनिया, सकैनिया क्षेत्र में बाइक सवार एक संदिग्ध पुरूष व महिला आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 20 ग्राम से अधिक स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम संजीव राजपूत (20 वर्ष), पुत्र स्व. ओमप्रकाश, निवासी चिड़ीपुरा, थाना मिलक खानम, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश व कुमारी परमजीत कौर (26 वर्ष), पुत्री दयाल सिंह, निवासी ग्राम कलकत्ती, थाना गदरपुर, जिला ऊधमसिंह नगर बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि परमजीत कौर का बड़ा भाई राजेंद्र सिंह उर्फ राजू पुत्र गुरदयाल सिंह, निवासी कलकत्ती, थाना गदरपुर पूर्व में भी कई संगीन अपराधों और मादक पदार्थों की बिक्री के मामले में जेल जा चुका है और वर्तमान में भी न्यायिक हिरासत में है।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19